नपा क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार के दुकानदारों को बनाने होंगे ट्रेड लाइसेंस

नवभारत न्यूज

बैतूल, 27 जुलाई. शहर के अंदर व्यापार करने वाले व्यवसायियों को अब ट्रेड लाइसेंस लेना होगा। नगरपालिका ने सख्ती के साथ पूरे शहर में यह व्यवस्था लागू की है।

एक साल बाद कराना होगा नवीनीकरण

100 से 5 हजार तक चुकाना होगा वार्षिक फीस

जिसके तहत ऐसी दुकान जो फुटपाथ पर हो या मेन मार्केट में हो, ठेला हो या गली-मोहल्ले की छोटी दुकान, शहर में कारोबार करने के लिए हर व्यापारी को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगरपालिका ने इस संबंध में सूचना जारी कर मुनादी भी कराई है। दरअसल ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल के लागू होने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रावधान के तहत वर्ष 2023 में ही नगरपालिका ने ट्रेड लाइसेंस प्रस्ताव पारित कर दिया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया था। अब सख्ती के साथ पूरे शहर में यह व्यवस्था लागू की जा रही है। नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि 76 प्रकार की दुकानों को लाइसेंस लेना जरूरी होगा। सीएमओ के मुताबिक शहर में सर्वे कराया जाएगा और सूची तय होगी कि किस-किस तरह के कारोबार व दुकानदारों की क्या संख्या है। अभी सूचना जारी की गई है और मुनादी कराई जा रही है और यदि कोई लाइसेंस नहीं लेगा तो संबंधित पर नियम अनुसार कार्रवाई होगी।

चार कैटेगिरी में देनी होगी लाइसेंस फीस : नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने ट्रेड लाइसेंस फीस की चार कैटेगरी तय की हैं। सडकों की चौड़ाई और क्षेत्र के आधार पर ट्रेड लाइसेंस शुल्क नगरपालिका सीमा में प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा। 7.5 मीटर से कम या 7.5 मीटर चौड़ी सडक के किनारे नगर पालिका में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट, 7.5 और 15 मीटर के बीच चौड़ी सड़क के किनारे नगर पालिका में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट, 15 मीटर से अधिक चौड़ी सडक के किनारे नगर पालिका में 5 रुपए प्रति वर्ग फीट, मोहल्ला या कॉलोनी में नगर पालिका में 3 रुपए प्रति वर्ग फीट तथा छोटे अथवा मध्यम आकार के बाजारों में नगर पालिका में 4 रुपए प्रति वर्ग फीट एवं वृहत या बड़े बाजारों में नपा में 5 रुपए प्रति वर्ग फीट शुल्क लगेगा। ट्रेड लाइसेंस के लिए कारोबार को फुटकर, थोक, निर्माता व मिश्रित सहित पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इसके लिए इन श्रेणियों में भी अलग-अलग दुकानदारी की अलग-अलग शुल्क लाइसेंस के लिए तय हैं। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए दुकानदारों को दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे।

> नगरपालिका क्षेत्र में व्यापार करने वाले व्यापारी नगरपालिका से ट्रेड लायसेंस ले सकते है। ट्रेड लाइसेंस के लिए किसी प्रकार की बाध्यता नहीं है। हाँ, ट्रेड लाइसेंस लेने से व्यापारियों को ही भविष्य में लाभ मिलेगा।
> – **नवनीत पांडेय,** सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

100 से 5 हजार तक वार्षिक फीस

लाइसेंस शुल्क दुकानों के साइज के आधार 100 रुपए से लेकर 5 हजार रुपए प्रति वर्ष तक होगा। नपा सूत्रों के अनुसार अब तक करीब 200 दुकानदार ट्रेड लाइसेंस ले चुके हैं, जबकि शहर की लगभग चार हजार दुकानों में अधिकांश ने अभी लाइसेंस नहीं लिया है। यदि सभी व्यापारी ट्रेड लायसेंस लेते है तो व्यापारी जहां नपा में रजिस्टर्ड हो जायेगे, वहीं नगरपालिका को इससे सालाना आय होने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि कई दुकानदार शहर में व्यापार तो कर रहे है, लेकिन उन्होंने अभी तक ट्रेड लाईसेंस नहीं बनाया है। लेकिन अब दुकानदारों को ट्रेड लाईसेंस बनाना अनिवार्य कर दिया है। जिससे कि व्यापारियों को व्यापार के लिए वैध लायसेंस प्राप्त हो जायेगा और वह बिना किसी डर के व्यापार कर पायेगे।

एक साल के लिए मान्य होगा लाइसेंस

यह लाइसेंस केवल एक वर्ष के लिए मान्य होगा और हर साल नवीनीकरण करना होगा। बताया गया कि पहले शहर में दुकानदारी करने के गुमाश्ता लाइसेंस बनवाना पड़ता था। ट्रेड लाइसेंस के लिए कारोबार को फुटकर, थोक, निर्माता व मिश्रित सहित पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इसके लिए इन श्रेणियों में भी अलग-अलग दुकानदारी की अलग-अलग शुल्क लाइसेंस के लिए तय हैं। ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए दुकानदारों को दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे। वहीं लाइसेंस शुल्क से नपा की आय बढ़ेगी। नगरपालिका के मुताबिक शहर में छोटे-बड़े दुकानदारों, गुमठी संचालकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिलाकर करीब चार हजार व्यापारियों की संख्या हो सकती है। ये वर्तमान में बिना ट्रेड लाइसेंस के कारोबार कर रहे हैं। यदि यह व्यापारी ट्रेड लाइसेंस लेते है तो एक तरह से नगरपालिका में रजिस्टर्ड हो जायेगे। जिससे भविष्य में व्यापारियों को ही लाभ मिलेगा।

एक नजर में

नागझीरी संस्थान में होगा महाप्रसाद का आयोजन

भैंसदेही। आगामी गरूपुर्णिमा महोत्सव पर नगर के चमत्कारिक संत श्री श्री 1008 त्रिवेणी भारती नागा दादा समाधी स्थल नागझीरी संस्थान पर धार्मिक आयोजन किये जायेगे, जिसे लेकर संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा झाड़े एवं उपाध्यक्ष राजु जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतिवर्ष गुरू पूर्णिमा को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दादा दर्शन को पहुंचते हैं ,वही संस्थान द्वारा यहां दादा नाम स्मरण (इक्का), महाआरती,भजन संध्या,एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष भी इस आयोजन को लेकर संस्थान के द्वारा तैयारीयां पूर्ण हो चुकी है, संस्थान के सभी सदस्यों ने श्रद्धालुओं से इस आयोजन में गुरु पूर्णिमा को दोपहर 3बजे दिन गुरुवार को हो महाप्रसाद प्राप्त करने की विनम्र अपील की है।

धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस कल

बैतूल। बुद्ध विहार कालापाठा में 29 जुलाई, बुधवार शाम 5 बजे भंते दिपांकर के सानिध्य में, बुद्ध विहार प्रबंध समिति आम्रपाली महिला मंडल व भारतीय बौद्ध महासभा के द्वारा धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति अध्यक्ष सीएल डोंगरे एवं सचिव एमएल पाटील ने बताया कि भंते जी द्वारा धम्म देशना एवं धम्म दान किया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष सी नागले, पीएल खातरकर, एएल चौकीकर, राजेन्द्र गायकवाड़, भाऊराव उबनारे, लक्ष्मी पाटील, गीता नागले, कांति डोंगरे, सरोज गुलबाकें आदि ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

कल धूमधाम से मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

बैतूल। संत गजानन महाराज मंदिर कोठी बाजार में कल 29 जुलाई, बुधवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष पंडित संतोष कमाविसदार ने बताया कि बुधवार सुबह 5 बजे काकड़ आरती, 7 बजे संत महाराज का विजय ग्रंथ पाठ, 11-30 से 12 बजे तक महाभिषेक, दोपहर 12-30 बजे हवन, दोपहर 1-30 बजे महाआरती, दोपहर 2 से रात 8 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

बैतूल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में आयोजित जिला अधिकारी माय भारत के नेतृत्व में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत वाद विवाद, गायन, नृत्य, रील मेकिंग, चित्रकला, स्लोगन,कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जन भागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान पूर्व जिला संगठन डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.अनीता सोनी जिला संगठक व कार्यक्रम के संयोजक डॉ.जीपी साहू, कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ.शंकर सातनकर, माय भारत की जिला अधिकारी सुषमा गवली द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन किया गया। घनश्याम मदान ने अपने उद्बोधन में नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। डॉ.अनीता सोनी द्वारा नशे के दुष्परिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी लतिका साहू पक्ष में और योगी देशमुख द्वारा विपक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में नुक्कड़ नाटक में करण धाड़से, गायन में नंदनी चौहान, नृत्य में योगेश्वरी लिलौर, रील मेकिंग में अर्जुन धाडसे, चित्रकला में उमा सोनी, स्लोगन में भूपेंद्र यादव एवं कविता पाठ प्रतियोगिता में पियूष द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। समापन सत्र में प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे, खेल अधिकारी पूजा कुरील, पूर्व जिला संगठन डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त कर्ता प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने निकली प्रार्थना यात्रा

बैतूल। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को गोमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर शहर में विशाल प्रार्थना यात्रा निकाली गई।

सैकड़ों गौभक्त हाथों में झंडे, तख्तियां और बैनर लेकर शांतिपूर्वक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां अपर कलेक्टर वंदना जाट को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम एक लाख हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन सौंपा गया। अभियान के मीडिया प्रभारी राजेश मदान ने बताया कि यात्रा से पहले शहीद दीपक यादव चौक सदर में गोमाता और नंदी का पूजन कर श्रीराम जयराम जय जयराम मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। सुबह 11 बजे शंखनाद के साथ यात्रा शुरू हुई। भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की झांकी, गोमाता-बछड़े का स्वरूप तथा बैलगाड़ी पर रखा हस्ताक्षर पत्र यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहा। भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच जिलेभर से आए श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। अभियान के जिला प्रभारी गिरीश खंडेलवाल ने बताया कि देशभर में 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र कर ज्ञापन भेजे जा रहे हैं।

न्यायालयीन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बैतूल। मध्यप्रदेश शासन की कॅरियर काउंसलिंग योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से इच्छुक आवेदकों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए काउंसलर्स की टीम गठित की जाना है, जो प्रतियोगी परीक्षा एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन देंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि काउंसलर्स/विषय-विशेषज्ञ को प्रत्येक काउंसलिंग मार्गदर्शन दिवस के 1 हजार मानदेय दिया जाएगा। काउंसलर/विषय-विशेषज्ञों के पैनल के लिए कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदकों के आवेदन जिला रोजगार कार्यालय बैतूल में 15 जुलाई तक चाहे गये थे, किन्तु पर्याप्त आवेदन प्राप्त न होने के कारण समिति द्वारा आवेदन प्राप्त करने की तिथि 10 अगस्त तक आगे बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि मनोवैज्ञानिक पद के लिए मनोवैज्ञानिक विषय से स्नातक/स्नातकोत्तर अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञ पद के लिए कला संकाय से पीएचडी, एमफिल तथा तकनीकी विषय से आईटीआई डिप्लोमा/डिग्री होना अनिवार्य है। वहीं मेडिकल संकाय से एमबीबीएस, बीएचएमएस, एमडीपीजीडीएमएच योग्यता अनिवार्य है।

अपर सत्र न्यायाधीश ने दी विधिक जानकारी

मुलताई। ड्रीम्ज प्ले पब्लिक स्कूल में सोमवार को विधिक साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती यतेश सिसोदिया ने विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया।इस दौरान श्रीमती सिसोदिया ने बच्चों को सोशल मीडिया के सही और सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया ज्ञान का साधन है, लेकिन साइबर बुलिंग, फेक न्यूज़, ऑनलाइन फ्रॉड और निजी जानकारी लीक होने का खतरा भी रहता है। बच्चों को अनजान लोगों से दोस्ती न करने, स्ट्रांग पासवर्ड रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत माता-पिता व शिक्षकों को देने की सलाह दी। वहीं उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को शरीर की सुरक्षा, आत्म-सम्मान और ना कहने की शक्ति के बारे में बताया जिससे वे किसी भी गलत व्यवहार को पहचानकर सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर स्कूल संचालक तपन खंडेलवाल और प्राचार्य कविता लिखितकर सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषि रथ को किया रवाना

बैतूल। जिले में खरीफ मौसम 2026 में फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। इसी के दृष्टिगत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को जागरूक करने के लिए उप संचालक कृषि श्री आरके रजक ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया। कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में गांव-गांव जाकर फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिए 850 रुपए, मक्का 722 रुपए, धान सिंचित के लिए 838 रुपए, धान असिंचित 660 रुपए तथा अरहर के लिए 740 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई हैं। बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा के इच्छुक अऋणी किसान भाई अपनी निकटतम बैंक शाखा अधिकृत जन सेवा केंद्र (सीएससी) एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड सकते हैं।

सारनी में वीर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पाथाखेड़ा। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक संघ सारनी के तत्वावधान में रविवार शाम एक गरिमामय श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बर्दे एवं सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्लोरे ने भारत माता एवं कारगिल के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। दो मिनट का मौन रखकर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्लोरे ने देशभक्ति गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। अपने संबोधन में नगरपालिका अध्यक्ष ने युवाओं से शहीदों के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा महामंत्री कमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुधाचंद्रा एवं सुरक्षा अधिकारी शरद राघव ने भी कारगिल वीरों के साहस और बलिदान को नमन किया।संगीत संध्या ग्रुप, बगडोना के देशभक्ति गीतों ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। अंत में पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष मुन्नालाल कापसे ने आभार व्यक्त किया।

विश्व मांगल्य सभा की बैठक का खंडेलवाल ने किया संचालन

बैतूल। नई दिल्ली में आयोजित विश्वमांगल्य सभा की राष्ट्रीय प्रबोधन बैठक के प्रथम सत्र का मंच संचालन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मंचासीन सरसंघचालक मोहन भागवत, सभाचार्य जितेन्द्रनाथ महाराज, सभाचार्या रेणुका माई, प्रशांत हरतालकर, (मार्गदर्शक, विश्वमांगल्य सभा), श्रीमती नलिनी हावरे, (राष्ट्रीय अध्यक्षा, विश्वमांगल्य सभा), श्रीमती बबिता मल्होत्रा, (राष्ट्रीय उपाध्यक्षा, विश्वमांगल्य सभा) तथा डॉ. वृषाली जोशी (राष्ट्रीय संगठन मंत्री, विश्वमांगल्य सभा) की प्रेरणादायी उपस्थिति में मंच संचालन का दायित्व निभाना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण रहा। भारतवर्ष के विविध प्रांतों से पधारी लगभग 200 कार्यकारिणी मातृशक्ति की सहभागिता से सम्पन्न इस प्रबोधन बैठक में संगठन का आधार स्थिर कार्यकर्ता विषय पर परम पूजनीय सरसंघचालक जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनके प्रेरक विचारों ने संगठन जीवन में निष्ठा, निरंतरता, समर्पण एवं कार्यकर्ता निर्माण के महत्व को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रतिपादित किया। बैठक के उपरांत सायंकाल आयोजित विशिष्ट राष्ट्रीय समारोह में सहभागी बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ सरसंघचालक ने युगानुकूल मातृत्व विषय पर अत्यंत विचारोत्तेजक एवं प्रेरणादायी उद्बोधन प्रदान किया। भारतीय परिवार व्यवस्था, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण में मातृत्व की भूमिका पर आधारित यह व्याख्यान प्रत्येक सहभागी के लिए गहन चिंतन का विषय रहा। इस अमूल्य दायित्व एवं विश्वास के लिए विश्वमांगल्य सभा के समस्त वरिष्ठजनों व आदरणीया डॉ. वृषाली जोशी, श्रद्धा योगी खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष, मध्य भारत प्रांत एवं जिलाध्यक्ष बैतूल, विश्व मांगल्य सभा मौजूद रहे।

कार्यशाला श्रीगुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला संपन्न

सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता : पवार

बैतूल। भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे संत श्री रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के पावन अवसर पर कल गुरू पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक चलने वाले संत श्रीगुरू रविदास महाराज जंयती तक भाजपा समरसता संकल्प अभियान चलाएगी। अभियान के निमित्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास महाराज के जीवन दर्शन तथा उनके समता , भक्ति ,सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को लेकर कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचाना है। जिसको लेकर कल गुरू पूर्णिमा पर हमे मंडल स्तर पर कम से कम 10 स्थानो पर दीपोत्सव मनाकर अभियान की शुरूवात करनी है।

जिसको लेकर मंडल स्तर से लेकर शक्ति केन्द्र और बूथ की टोली को अपने जिम्मेदारी का निर्वहन और सहभागिता सुनिश्चित करनी है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि आज जब समाज में कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल जातीवाद के नाम पर युवाओं को भ्रमित कर रहे है। तब भारतीय जनता पार्टी संत शिरोमणी रविदास जी के समरसता के संकल्प को अभियान की तरह चलाकर अपना सामाजिक दायित्व भी निभा रही है भाजपा हमेशा से समाज की कुरूतीयों को खत्म करने के लिए प्रयास करती है। संत रविदास जी भी जन्म से नही कर्म से व्यक्ति की पहचान को महत्व देने की बात करते रहे। आज भाजपा ही उनके आदर्शो पर काम कर रही है। अभियान की प्रस्तावना रखते हुए अभियान के संयोजक डा.महेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि यह देश व्यापी स्तर पर चलने वाला अभियान है जिसमें संत महात्मा सहित समाज के प्रबुद्ध जनो की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। संत रविदास महाराज की तप स्थली ,यात्राओं और जनजागरण से यह अभियान संचालित होगा। विभिन्न वर्गो में सामाजिक समरसता और जनसहभागिता को सुदृढ करने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए टोली के सह संयोजक कांतिलाल यादव ने कहा कि कार्यक्रम विभिन्न चरणो में होगा। पहले चरण में गुरू रविदास महाराज कलश वंदन अभियान दूसरे चरण में संत संपर्क कार्यक्रम तीसरे चरण समरसता यात्रा और चौथे चरण में छात्रावास संपर्क अभियान चलेगा। कार्यशाला में पीपीटी मोड पर समझाते हुए टोली के सह संयोजक जगदीश पवार ने कहा कि 29 जुलाई को समरसता दीप अभियान स्थानीय मंदीरो में किया जाएगा। 29 जुलाई से 10 सितंबर तक संत रविदास जी की जन्म स्थली से कलश वंदन अभियान की शुरूवात होगी। साथ ही सतत संपर्क का अभियान लगातार जारी रहेगा।

हाई स्कूल कुम्हारिया में हुआ वृहद स्तर पर वृक्षारोपण

बैतूल। गायत्री परिवार के द्वारा शासकीय हाई स्कूल कुम्हारिया में अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पौधों की पूजा की और लक्ष्मी तरु, शीशम,नीम,आवला अशोक के पौधों का रोपण वृहद स्तर पर किया। इस कार्यक्रम में विगत दिवस गायत्री परिवार के विभिन्न आंदोलन के पदाधिकारी एवं प्रभारी शाला में पहुंचे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को पौधारोपण, पर्यावरण और इसके महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर गायत्री परिवार के एवं भूतपूर्व सैनिक मधु वर्मा ने कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से जीवन संघर्ष से विद्यार्थियों को अवगत कराया। वृक्ष गंगा अभियान प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन के शुरू से अंत तक किस प्रकार काम आते हैं कि उनके बिना हमारा जीवन नहीं चल सकता। युगल किशोर डिगरसे ने कहा कि विद्यार्थी न केवल प्रांगण में वृक्षारोपण करें बल्कि अपने घरों मे संभव ना हो तो अपने खेतों में भी वृक्ष लगाए। ग्राम पंचायत मंडई बुजुर्ग के सरपंच ओम पारधे ने बताया कि पौधारोपण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। संस्था प्राचार्य नीलेश्वर कालभोर ने शासन के द्वारा चलाई जा रही एक पेड़ मां के नाम योजना के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि पौधों को पालने का संकल्प लेना आसान है, संकल्प को पूरा करना कठिन है किंतु दृढ इच्छा शक्ति से यह संभव हो सकता है। गायत्री परिवार पर्यावरण प्रभारी अनिल कुमार साहू और आदर्श वर्मा ने पौधों का व्यवस्थित चयन कर वितरण कराया। इन पौधों की जिम्मेदारी चार-चार विद्यार्थियों को दी गई जो इन पौधों की देखभाल करेंगे।